तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
बाहरी शक्तियां समाज को विखंडित करने की साजिश रच रही हैंः जूदेव



## खबर संक्षेप

### महनई घाटी में अनियंत्रित होकर पलटी बस, 8 से अधिक घायल



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले की सीमा क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। बगीचा से सामरी जा रही शमीम बस घाटी चढ़ाई के दौरान अनियंत्रित होकर पीछे की ओर बैक हुई और पीछे आ रही कार को टक्कर मारते हुए पलट गई। यह हादसा पंडरापाठ चौकी क्षेत्र के महनई में अजीत घर के पास हुआ है। दुर्घटना में 8 से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए बलरामपुर के डीपाडीह अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने घायलों के त्वरित उपचार के निर्देश दिए हैं। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### नैतिक ने 10वीं परीक्षा में हासिल की उत्कृष्ट सफलता

**जशपुरनगर।** शहर के देव पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र नैतिक जैन



ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस सफलता ने न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गर्व का विषय बन गई है। नैतिक जैन, देवेंद्र कुमार जैन के सुपुत्र हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहे नैतिक ने अपनी कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाइयों का तांता लग गया। नैतिक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय दादाजी महावीर प्रसाद जैन के आशीर्वाद, माता-पिता के निरंतर मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और शिक्षकों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने नैतिक की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का प्रतिफल है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी नैतिक से प्रेरणा लेने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की अपील की।

### स्पेस ऑन व्हील कार्यक्रम में शामिल हुए बासनताला स्कूल के शिक्षक व बच्चे



**जशपुरनगर।** शासन के निर्देशानुसार 16 अप्रैल को कुनकुरी विकासखंड के केराड़ीह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा के मार्गदर्शन में 'स्पेस ऑन व्हील' प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान के दिशा-निर्देश अनुसार विज्ञान समूह के शिक्षक अनुरंजन टोप्पो, विनीता मिंज, ममता टोप्पो, दीपा खलखो, मनीषा लकड़ा, रीना मांझी, रेशमा मिंज एवं इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्राचार्य खान ने प्रोग्राम में शामिल हुए संस्था के शिक्षकों एवं बच्चों से फीडबैक लिया। स्पेस ऑन व्हील प्रोग्राम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की एक अनूठी मोबाइल प्रदर्शनी फीडबैक में इन्होंने बताया कि, आयोजित स्पेस ऑन व्हील प्रोग्राम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की एक अनूठी मोबाइल प्रदर्शनी बस है, जो भारत की अंतरिक्ष मिशनों, रॉकेट और उपग्रहों की जानकारी को देश के विभिन्न हिस्सों में छात्रों और आम जनता तक पहुंचती है।

## मुख्यमंत्री ने चलित अंतरिक्ष वाहन का किया अवलोकन

# इसरो की 'स्पेस ऑन व्हील्स' से जशपुर में विज्ञान की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




■ जिले के 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

जशपुर जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "स्पेस ऑन व्हील्स" कार्यक्रम ने बच्चों में नई ऊर्जा भर दी है। रणजीता स्टेडियम जशपुर में गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की इस विशेष मोबाइल प्रदर्शनी बस का आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतरिक्ष गाड़ी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित रॉकेट, उपग्रह एवं अंतरिक्ष मिशनों से जुड़े विभिन्न मॉडलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में अध्ययनरत कक्षा 12वीं की छात्राएं कुमारी अंशु पासवान, भूमिका डाहरे एवं सारिका साहनी ने स्वयं आगे बढ़कर चंद्रयान, मंगलयान सहित विभिन्न अंतरिक्ष तकनीकों की कार्यप्रणाली को सरल और प्रभावी ढंग से मुख्यमंत्री को समझाया। बच्चों के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक समझ की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस प्रकार की पहलें दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में विज्ञान और तकनीक ही विकास की आधारशिला है। 'स्पेस ऑन व्हील्स' जैसे कार्यक्रम हमारे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। इससे बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी, नवाचार की भावना विकसित होगी और वे भविष्य में देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में स्पेस ऑन व्हील्स के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में जानकारी देने के लिए 17 बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी से संबंधित 'द मैजिक ऑफ नाइट स्काई' पुस्तिका वितरित किया। इस दौरान विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### जिले के 10 हजार से अधिक बच्चे होंगे लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए "अन्वेषण" कार्यक्रम के तहत इस पहल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास की पहल एवं विज्ञान भारती के सहयोग से यह कार्यक्रम जिले के सभी विकासखंडों में संचालित होगा। यह विशेष कार्यक्रम 7 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 दिनों तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत पत्थलगांव से हुई और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बस प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न स्कूलों में उपलब्ध रहती है। इस अभियान से जिले के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

### क्या है स्पेस ऑन व्हील्स

"स्पेस ऑन व्हील्स" इसरो की एक अत्याधुनिक मोबाइल प्रदर्शनी है, जिसे विशेष रूप से एक बस के रूप में तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान को प्रयोगशालाओं और बड़े संस्थानों से निकालकर सीधे छात्रों और आम जनता तक पहुंचाना है, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में। इस प्रदर्शनी में पीएसएलवी, जीएसएलवी, चंद्रयान, मंगलयान, आरएलवी, रिमोट सेंसिंग, कम्युनिकेशन और नेविगेशन सैटेलाइट जैसे महत्वपूर्ण मॉडलों को प्रदर्शित किया गया है। ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, इंटरएक्टिव पैनल और लाइव डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष तकनीक को सरल भाषा में समझाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सियान गुड़ी का किया शुभारंभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विकसित किए गए 'सियान गुड़ी' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों के साथ कैरम खेलकर हौंसला बढ़ाया।

■ बुजुर्गों के साथ कैरम खेलकर वरिष्ठजनों का बढ़ाया हौसला

साथ ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुजुर्गों के साथ शतरंज खेलकर बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर वरिष्ठजन काफी खुश नजर आए। साथ ही राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए विकसित किए गए सियान गुड़ी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बुजुर्गों को फूड बास्केट वितरित किए तथा धार्मिक किताब एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर समाज में बुजुर्गों के सम्मान और उनकी देखभाल के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र का निरीक्षण करते हुए यहां उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की और इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आदर्श पहल बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, लेकिन वर्तमान में समाज तेजी से बदल रहा है। एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति, रोजगार के लिए युवाओं का पलायन और व्यस्त जीवनशैली के कारण कई बुजुर्ग दिन के समय अकेलेपन और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अकेलापन केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इन्हीं चुनौतियों के समाधान के लिए 'डे-केयर सेंटर – सियान गुड़ी' की परिकल्पना की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान, आत्मीयता और सक्रिय जीवन का नया केंद्र बनेगा, जहां वे सुरक्षित वातावरण में दिन व्यतीत कर नई ऊर्जा और उत्साह प्राप्त करेंगे।

## हितग्राहियों को सौंपी गई चाबी




**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएम जनमन योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चाबी सौंपी। इनमें दुलदुला विकास खंड के ग्राम लोरो सरस्वती बाई, ग्राम बंगुरकेला के राजेश सिंह, जशपुर विकास खंड के ग्राम सारूडीह जागेश्वर मनोरा विकास खंड के ग्राम करदना समकुमार राम, और सुरेश राम को चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा आईजी दीपक कुमार झा कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले की महिलाएं ड्रोन दीदी योजना से आर्थिक विकास की भरेंगी उड़ान

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रणजीता स्टेडियम जशपुर में जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और 'लखपति दीदी' पहल के अंतर्गत ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन प्रदान की गई।

■ मुख्यमंत्री ने महिलाओं को ड्रोन प्रदान कर आर्थिक उन्नति का दिया संदेश




इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि, ग्रामीण महिलाओं के आय संवर्धन के साथ उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाना है। पूर्व में किसानों को मिट्टी की सही स्थिति की जानकारी के अभाव में उर्वरकों का अनुमानित उपयोग करना पड़ता था, जिससे लागत बढ़ती थी, उत्पादन प्रभावित होता था तथा भूमि की उर्वरता भी धीरे-धीरे कम होती थी। सॉयल टेस्टिंग मशीन के माध्यम से अब कम समय में मिट्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण पैरामीटर्स की सटीक जांच संभव हो रही है, जिससे संतुलित उर्वरक उपयोग, भूमि गुणवत्ता में सुधार एवं फसल उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है।

## साय का हेलीपैड पर भव्य स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार 17 अप्रैल को जिला मुख्यालय जशपुर पहुंचे।इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर आमजनों सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी पहुंचे। हेलीपैड पर जनजाति सदस्यों ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री सहित अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## 500 नए तालाब बनाए जाएंगे, साय ने किया शिलान्यास

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल "मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया महाअभियान" का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ किया। अभियान के अंतर्गत "नवा तरिया, आय के जरिया" के तहत प्रदेश में 500 नए तालाब के निर्माण का भी शिलान्यास किया। इससे जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि और कृषि कार्यों के लिए सिंचाई सुविधा में सुधार होगा।

■ जल ही जीवन और विकास का आधार हैः साय




इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य किए जाएंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत इस महाअभियान के तहत प्रदेशभर में 10 हजार आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 15 अप्रैल 2026 तक 13 हजार से अधिक डबरी निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। यह उपलब्धि अभियान की गति और प्रभावशीलता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि, जल ही जीवन और विकास का आधार है। 'मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया' अभियान के माध्यम से हम गांव-गांव में जल संरक्षण को जन आंदोलन बना रहे हैं। इससे न केवल पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि, आजीविका डबरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, सब्जी उत्पादन और वृक्षारोपण जैसे विविध आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे लोगों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे। ग्रामीण स्तर पर इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन, बैनर, ग्राम सभाओं में जागरूकता अभियान तथा क्यूआर कोड के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए आजीविका डबरी से जुड़े कार्यों में स्व सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हितग्राही परिवार की महिला सदस्य का नाम नागरिक सूचना पटल में अंकित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं की अधिकारिता और भागीदारी मजबूत हो सके। इसके तहत उन्नत तकनीक आधारित योजना निर्माण और ग्राम सभा की स्वीकृति के आधार पर कार्यों को मंजूरी दी जा रही है, जिससे पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो रही है। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से यह अभियान ग्राम पंचायतों के समग्र विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

"मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया"महाअभियान जशपुर सहित पूरे प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाते हुए ग्रामीणों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में उभर रहा है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक स्व जगेश्वर को दी श्रद्धांजलि



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जशपुर जिले के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय जगेश्वर राम भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम कोमड़ो स्थित उनके निवास पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय भगत के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की बात कही। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल एवं धैर्य प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, स्वर्गीय जगेश्वर राम भगत का जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के लिए पूर्णतः समर्पित रहा। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्ष छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रामप्रताप सिंह, विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह सहित आमजन मौजूद रहे।

## बकरी व मुर्गी पालन प्रशिक्षण मार्गदर्शिका का विमोचन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जशपुर रणजीता स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला जशपुर में पशु सखियों के सशक्तीकरण के लिए बकरी एवं मुर्गी पालन प्रशिक्षण मार्गदर्शिका का विमोचन किया।



उल्लेखनीय है कि, पूर्व में पशु सखियों के पास मानकीकृत प्रशिक्षण सामग्री का अभाव था, जिससे बकरी एवं मुर्गी पालन में वैज्ञानिक जानकारी का सही उपयोग नहीं हो पाता था। पशुओं के पोषण, टीकाकरण एवं बीमारियों की पहचान में कठिनाई होती थी, जिसके कारण उत्पादन कम होता था तथा पशुओं की मृत्यु दर बढ़ने से आय पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता था। अब इस प्रशिक्षण मार्गदर्शिका के माध्यम से पशु सखियों को सरल एवं वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे वे बेहतर ढंग से पशुपालकों का मार्गदर्शन कर सकेंगी।

समय पर रोग पहचान एवं उपचार, संतुलित आहार प्रबंधन तथा उन्नत पालन तकनीकों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होगी और पशुपालकों की आय में सुधार आएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर ही त्वरित सेवाएं उपलब्ध होने से पशुपालन कार्य अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ होगा।

### भ्रामक पम्पलेट को लेकर पुलिस लोगों को कर रही सतर्क

**राजपुर।** क्षेत्र में इन दिनों सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे भ्रामक पम्पलेट को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने लोगों से ऐसे फर्जी लोन ऑफर से बचने की सलाह दी है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के अनुसार बस स्टैंड के समीप एक पम्पलेट चस्पा किया गया पाया गया है, जिसमें मात्र 2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 1 लाख से 5 लाख तक का लोन बिना किसी फाइल चार्ज और गारंटी के उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। पम्पलेट में दिए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क करने और क्यूआर कोड स्कैन कर राशि जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जो संदेहास्पद है।


LCIT PUBLIC SCHOOL
L C I T
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
Success is the result of consistent effort and determination.
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence.
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
9516167123 , 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
L C I T GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

## खबर संक्षेप



### संविधान निर्माता को किया नमन

**सरसीवा।** समानता न्याय और अधिकारों के महान योद्धा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं उनके विचार हमें समतामूलक शिक्षित और सशक्त समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उक्त बातें भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने कही आगे आयोजित भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सभी का हृदय से आभार। यह आयोजन सामूहिक एकता और समरसता का प्रतीक रहा। आयोजन समिति की ओर से हम सभी सहयोगियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। कर्मचारी एवं अधिकारीगण आपके सक्रिय योगदान और उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### अम्बेडकर जयंती पर दी गई कानून की जानकारी

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा के सहयोगी ग्राम पंचायत कांदागढ़ में सरपंच रहे सोमती सिदार अपने कार्यकाल के दौरान लगातार क्षेत्र में जागरूकता लाकर लोगों को उनके अधिकार दिलाने में प्रयासरत रहे हैं। महिला समूहों को एक जुट कर उन्हें शासनाधीन आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में लाए गए योजनाओं को आत्मसात कर अपने जीवन में उपयोगी सिद्ध करने के लिये महिलाओं को प्रेरित करने में कारगर साबित हुए हैं। अपने पिछडे, आदिवासी सिदार समाज में पदाधिकारी रहकर इन दिनों ये ऐसा काम कर रहे हैं जिसमें कि समाज में आर्थिक विषमता, सामाजिक विषमता, शैक्षिक विषमता का स्थान न रह सके इसके लिए समाज के हर वर्ग से संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर देश के लिए उनके उपादेयता पर प्रकाश डाले। कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एक ऐसी शख्सियत है जिन्होंने संविधान में हर वर्ग और हर धर्म के लिए हक अधिकार दिया।

### मल्टीपल से खाली रह गए पद, भर्ती की मांग

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती 2023-24 में 5 हजार 967 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब एक नया विवाद सामने आया है। भर्ती में अपनाई गई मल्टीपल सिलेक्शन प्रक्रिया के कारण लगभग 1800 से 2000 पद रिक्त रह जाने का दावा अभ्यर्थियों द्वारा किया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर हजारों अभ्यर्थियों ने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस विभाग से शेष पदों को भरने की मांग करते हुए गुहार लगाई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने इस भर्ती के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया है। कई युवाओं ने अपनी आजीविका तक छोड़कर दिन-रात तैयारी की ग्राउंड में पसीना बहाया और लिखित परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की। बावजूद इसके मल्टीपल सिलेक्शन प्रक्रिया के चलते अनेक योग्य और मेहनतकश अभ्यर्थी अंतिम चयन सूची से बाहर हो गए।

## धर्मांतरण पर बरसे विजय, युवाओं को दिया स्वाभिमान का मंत्र

# बाहरी शक्तियां समाज को विखंडित करने की साजिश रच रही हैं: जूदेव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र कोन्डरा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन उस वक्त जयकारों से गूंज उठा, जब जशपुर के राजकुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने मंच संभाला।

सकल हिंदू समाज और कोब्जा मंडल की ओर से आयोजित इस भव्य समागम में जूदेव ने धर्मांतरण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए साफ कहा कि, भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन और धोखे में रखकर किया जा रहा धर्म परिवर्तन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि, हमारी सनातन विरासत ही हमारी असली पहचान है और इसे बचाने के लिए समाज को अब संगठित होना ही पड़ेगा। विजय आदित्य सिंह जूदेव ने युवाओं के भीतर जोश भरते हुए उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और अपनी विरासत पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के धर्म स्वतंत्रता कानून का विशेष हवाला देते हुए जनता को जागरूक किया कि, जबरन या लालच देकर कराया गया धर्मांतरण एक गंभीर दंडनीय अपराध है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि, बाहरी शक्तियां समाज को विखंडित करने की साजिश रच रही हैं, जिससे निपटने के लिए सजगता और कानूनी जानकारी हर हिंदू के पास होनी चाहिए। सम्मेलन में रामरेखा धाम के स्वामी अखंड दास जी महाराज और स्वामी प्रकाश प्रपन्नाचार्य जी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। हिंदू जागरण मंच के डॉ सुमन कुमार और वीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव की मौजूदगी में विजय आदित्य सिंह जूदेव ने जिस प्रखरता से अपनी बात रखी, उसने क्षेत्र के हिंदू समाज में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है।सम्मेलन के अंत तक हजारों की भीड़ जूदेव के विचारों और सनातन धर्म की रक्षा के संकल्प के साथ डंटी रही।

# जंगल की आग से नष्ट हो रहा प्राकृतिक वैभव एवं जैव विविधता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्राकृतिक वैभव और जैव विविधता के लिए मशहूर बादलखोल अभ्यारण्य इन दिनों आग की लपटों में सिसक रहा है। जंगल के भीतर कई स्थानों पर लगातार आग सुलग रही है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि मानो इसे बुझाने वाला कोई जिम्मेदार बचा ही नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, कुछ असामाजिक तत्व महुआ बीनने, शहद निकालने और शिकार के इरादे से जानबूझकर जंगल में आग लगा रहे हैं। यह आग धीरे-धीरे फैलकर विकराल रूप ले रही है और अपने रास्ते में आने वाले छोटे-छोटे पौधों, घास, औषधीय वनस्पतियों और मासूम वन्यजीवों को लीलती जा रही है। कई जीव-जंतु आग की चपेट में आकर तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं, लेकिन उनकी चीखें सुनने वाला कोई नहीं। ताजा मामला बुटूंगा- साहीडांड़ मार्ग पर कुटमा नाला और तालाब के बीच दिनदहाड़े आग भड़क उठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, अगर वन विभाग के कर्मचारी समय पर मौके पर पहुंचते तो आग को तुरंत काबू में किया जा सकता था, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते आग फैलती चली जा रही है और आग बड़े इलाके को अपनी चपेट में लेते जा रही है।

■ महुआ बीनने एवं शिकार करने लगाई जा रही आग

### सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि, जंगल में नियमित गश्त शुरू की जाए, आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और लापरवाह कर्मचारियों को तुरंत हटाया जाए। इस सम्बंध में सर्किल दरोगा से मोबाइल पर दो बार संपर्क करने का प्रयास किया गया पर उनके द्वारा फोन नही रिसीव किया गया। अधीक्षक ने मीटिंग का हवाला देकर कुछ देरी में बात करने की बात कही गई।



### सर्किल के नाकेदार, दरोगा और फायर वॉचर की लापरवाही

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि, जिन कर्मचारियों के जिम्मे इस अभ्यारण्य की सुरक्षा है, वही अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े हुए हैं। संबंधित सर्किल के नाकेदार, दरोगा और फायर वॉचर की लापरवाही अब खुलकर सामने आ रही है। आरोप है कि ये न तो दिन में जंगल में गश्त कर रहे हैं और न ही आग लगने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि दिन में लगने वाली आग को भी समय रहते बुझाया नहीं जा पा रहा, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रात के समय जंगल की सुरक्षा किस भरोसे हो रही होगी।वन विभाग के अधिकारियों, खासकर रेंजर स्तर तक, इस पूरे मामले में उदासीनता साफ नजर आ रही है। लगातार आग की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो निगरानी बढ़ाई जा रही है और न ही दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। इससे साफ है कि लापरवाही अब सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है।

# विद्यालयीन शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## सहायक शिक्षकों के लिए विभागीय प्रशिक्षण में राहत देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ जिला-जशपुर द्वारा जशपुर विधानसभा की विधायक को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सहायक शिक्षकों के लिए विभागीय प्रशिक्षण में राहत देने की मांग की गई है। संघ ने अपने ज्ञापन में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के परिपत्र दिनांक 22 जून 2022 के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर के शिक्षित युवाओं को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर जशपुर जिले के विभिन्न विकासखंडों में प्राथमिक शालाओं में सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### संघ की विधायक से मांग

संघ ने विधायक से मांग की है कि, विशेष पिछड़ी जनजाति के सहायक शिक्षकों के लिए नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत विभागीय डीएलएड या बीएड प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि उनका नियमितीकरण सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर संघ के संरक्षक डॉ मिथलेश पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष मधु पैकरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दादु प्रसाद चंद्रा, सचिव विजय कुमार पैंकरा, कोषाध्यक्ष अनुपमा कुजूर, संगठन प्रमुख आशीष शर्मा, प्रवक्ता सागर विश्वकर्मा सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सहायक शिक्षक नियुक्ति के लिए टीईटी अनिवार्य नहीं

*ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, 10 जनवरी 2013 के राजपत्र के अनुसार सहायक शिक्षक नियुक्ति के लिए टीईटी अनिवार्य नहीं है, लेकिन नियुक्ति के 5 वर्षों के भीतर डीएलएड या बीएड जैसी व्यावसायिक योग्यता प्राप्त करना जरूरी है। वर्तमान में पं सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर होता है, जिसमें कमजोर शैक्षणिक पृष्ठभूमि के कारण विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षक चयनित नहीं हो पा रहे हैं। संघ ने यह भी बताया कि, विभागीय डीएलएड एवं बीएड में चयन वरिष्ठता के आधार पर होता है, जिससे निर्धारित समय-सीमा में योग्यता प्राप्त करना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके चलते इन शिक्षकों का नियमितीकरण अटक गया है और उनका भविष्य अनिश्चित हो गया है।*

## 9 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, नाबालिग आरोपी भेजा गया बाल संप्रेषण गृह

**जशपुरनगर।** जिले में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में चौकी करडेगा पुलिस ने एक संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 वर्षीय मासूम बालिका के साथ अनाचार करने वाले 16 वर्षीय आपचारी बालक को गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 15 मार्च की है,जब पीड़िता के माता-पिता अपनी 9 वर्षीय बेटी के साथ पड़ोस गांव में एक रिश्तेदार के यहां जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गए थे। उसी पार्टी में आरोपी बालक भी मौजूद था। रात करीब 9 बजे जब मासूम बच्ची घर के बाहर गई, तब आरोपी उसे बहला-फुसलाकर पास के खेत में ले गया। वहां पेड़ के नीचे आरोपी ने मासूम के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब बच्ची रोती हुई वापस लौटी और उसके कपड़ों पर खून एवं सूखे पत्ते लगे देखे, तब परिजनों को अनहोनी का आभास हुआ। पूछने पर बच्ची ने अपनी आपबीती सुनाई।

**रिश्तेदारी एवं सामाजिक दबाव के कारण रिपोर्ट में देरी-** रिश्तेदारी और सामाजिक दबाव के चलते परिजनों ने पहले गांव में परामर्श किया, जिसके कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में समय लगा। 15 अप्रैल को चौकी करडेगा में मामला दर्ज कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 65(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5 (डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर, डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने पीड़ित बालिका का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिक प्रक्रिया पूरी कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया। इन मामलों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं- डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह का कहना है, कि जशपुर पुलिस बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमने काल परिसीमा के भीतर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की है।

# वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में कुणाल को मिला रेफरशिप का मौका

**रायगढ़।** रायगढ़ ताइक्वांडो एकेडमी के कोच कुणाल महंत को वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में रेफरशिप करने का मौका मिला। इस चैंपियनशिप का आयोजन खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल राजस्थान पुलिस एकेडमी जयपुर में किया गया था।

खास बात यह हैं कि छत्तीसगढ़ से कुणाल अकेले रेफरी थे जिनको इस चैम्पियनशिप में रेफरशिप करने के लिए आमंत्रित किया था। यहां आयोजित खेल में जहां देश भर से 850 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वहीं देश भर से रेफरी भी वहां पहुंचे थे। इसमें इंटरनेशनल रेफरी सरबजीत सिंह भी आए थे। सरबजीत सिंह के नेतृत्व में ही इस पूरे खेल का आयोजन किया गया था। उनके द्वारा ही कई राज्यों से पहुंचे रेफरियों को इस मैच की बारीकियों से अवगत कराया गया। कुणाल को भी इस चैम्पियनशिप का हिस्सा बनाया गया था, यह एकेडमी और जिले के लिए भी गर्व की बात है। यहां 20-25 रेफरी थे जिन्होंने निष्पक्ष होकर फैसला किया। सबसे बड़ी बात यह है कि इस खेल में अधिकांशतया विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है, लेकिन इंटरनेशनल रेफरी की सूझबूझ और उनके द्वारा अन्य रेफरियों को बारीकी से दी गई जानकारी की वजह से कोई विवाद नहीं हुआ। इस पूरे खेल के आयोजन में रेफरियों की अहम भूमिका होती है, कारण इसमें जो अंक दिए जाते हैं वह कोरियन भाषा में होती है। जिसे रेफरी खिलाड़ियों के हिट और प्रदर्शन के आधार पर देते हैं।







# गरीब परिवार का उजड़ा आशियाना ग्रामीण ने की एसपी से शिकायत

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे गुमड़ा में एक गरीब परिवार के साथ बर्बर घटना सामने आई है। गांव के परशुराम गुप्ता ने एसपी को सौंपे आवेदन में आरोप लगाया है कि गांव के ही कपिलेश्वर पिता हरिशंकर ने उनके कच्चे मकान को जबरन तोड़कर दिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।



पीड़ित परशुराम जो कि कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उसने बताया कि आरोपी गांव में प्रभावशाली है और पुलिस से अच्छे संबंध हैं। इसी का फायदा उठाकर वह ग्रामीणों पर लगातार दबाव और अत्याचार करता आ रहा है। पीड़ित के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब रात में परिवार सो रहा था। आरोपी ने जबरन उनके कच्चे मकान में घुसकर उसे तोड़ फोड़ दिया और मकान को पूरी तरह गिरा दिया।







